मोहल्ले/कॉलोनी की सफाई हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को प्रार्थना पत्र

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

CLASS: V
SUBJECT : (HINDI)

TOPIC: औपचारिक पत्र

CHANGING YOUR TOMORROW

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

सेवा में,
श्रीमान् स्वास्थ्य अधिकारी,
भुवनेश्वर नगर निगम,
ओड़िशा
विषय – मोहल्ले/कॉलोनी की सफाई हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को प्रार्थना पत्र

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं अपने मोहल्ले सत्यनगर के गांधी कालोनी का रहने वाला हूँ/रहने वाली हूँ। यहां की सफाई व्यवस्था की स्थिति बहुत ही दयनीय है। मोहल्ले में सफाई कर्मी के नहीं आने से जगह-जगह, कूड़े, कचरे का ढेर लग गया है। वातावरण दूषित हो रहा है। नालियों का गंदा पानी भी सड़क पर बहने लगा है। चारों तरफ बदबू और मक्खी, मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिसके कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलने लगी है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरे कालोनी में जल्द-से-जल्द सफाई की समुचित व्यवस्था कराई जाए। इसके लिए मैं आपका सदा आभारी रहूँगा/रहूँगी।

भवदीय
क. ख. ज. (अपना नाम लिखें)
दिनांक-18.01.22